दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 12.03.2025

प्रकाशनार्थ

समाज व राष्ट्र को नई दिशा दिखाता है रास्ट्रीय सेवा योजना – वशिष्ठ सिंह

दिनांक 12.03.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवासिय शिविर का समापन समारोह महाविद्यालय के दिग्विजय नाथ स्मृति सभागार में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री वशिष्ठ सिंह जी एवं विशिष्ठ अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री अमित सिंह रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के प्रभारी व महाविद्यालय के वरिष्ट आचार्य प्रोफेसर परीक्षित सिंह ने किया।

कार्यक्रम दीपप्रज्वलन व महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ प्रारम्भ हुआ। तत्पश्चात रास्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओ द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। पुनः अतिथि का स्वागत महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के प्रभारी व महाविद्यालय के वरिष्ट आचार्य प्रोफेसर परीक्षित सिंह सर के द्वारा किया गया व विशिष्ट अतिथि का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गीत छात्राओं आराध्या पाण्डेय, हर्षिता पाण्डेय, आयुषी तिवारी, सुरभि श्रीवास्तव व वर्षा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ठ अतिथि श्री अमित सिंह ने कहा कि युवा देश के भविष्य है। अतः युवाओं को सही दिशा मे प्रयास किया जाना चाहिए जिससे आने वाले समय मे स्वंय व समाज के प्रगति का वाहक बने।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री वशिष्ठ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जैसा कार्यक्रम सेवा व त्याग की भावना का विकास करते है यह युवाओं को समाज व राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाने हेतु एक नई दिशा प्रदान करते है। इस प्रकार के कार्यक्रम सामुदायिक सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने हेतु युवाओं को तैयार करती है।

कार्यक्रम के अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रो परीक्षित सिंह ने कहा कि आज राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के समापन दिवस पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह केवल एक कार्यक्रम का अंत नहीं, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का नया अध्याय है। एन.एस.एस का मूल उद्देश्य ''मैं नहीं, तुम'' की भावना को विकसित करना है। इस दौरान आप सभी ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता अभियान, और समाज सेवा से जुड़े अनेक कार्यों में भाग लिया, जो न केवल समाज के लिए उपयोगी हैं, बल्कि आपके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होंगे। मैं सभी स्वयंसेवकों, आयोजकों और मार्गदर्शकों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूँ। आशा है कि आप आगे भी इसी ऊर्जा और सेवा भावना के साथ देश के विकास में योगदान देते रहेंगे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ट कार्यक्रम अधिकारी श्री पीयूष सिंह ने व कार्यक्रम का प्रतिवेदन कार्यकम अधिकारी जितेन्द्र कुमार पांडेय व धन्यबाद ज्ञापन प्रदीप यादव ने किया इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि राय चारो इकाईयों के स्वयंसेवक व स्वंसेविका अनुराग मिश्रा, आलोक सिंह, प्रिंस पाण्डेय ,त्रांजली सिंह, प्रिया गुप्ता, आस्था पाण्डेय, रुबिका,आदि उपस्थित रहे।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क